फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर

ग्यारसी देवी बनाम सहायक कलक्टर चौमू व अन्य

केस संख्या 203/2019 (मुन्तकिल प्रार्थन पत्र)

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
10.11.2020	कोविड–19 महामारी होने से दिनांक 07.04.2020 से जनरल तारीख दिये जाने से पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित है। प्रार्थी अधिवक्ता ने अवगत कराया है कि सहायक कलक्टर चौमू की पीठासीन अधिकारी सुश्री देवयानी का अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है। प्रार्थी अधिवक्ता को गौर से सुना गया। पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया गया । प्रार्थी ने सहायक कलक्टर चौमू के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 61/2010 ब उनवानी सुन्दरी व अन्य बनाम रामावतार व अन्य में पीठासीन अधिकारी सुश्री देवयानी से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को अन्यत्र सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। सहायक कलक्टर चौमू की तत्कालीन पीठासीन अधिकारी सुश्री देवयानी का अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से उनके विरूद्व प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वतः ही प्रभाव शुन्य (Infructuous) हो गया है। फलस्वरूप प्रार्थी का मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। 10/11/2020 (अन्तर सिंह नेहरा)	